राज्यपाल सचिवालय, बिहार
(जन–सम्पर्क शाखा)
राजभवन, पटना–800022

प्रेस–विज्ञप्ति

संख्या–243/2024

बिहार की कला का प्रदर्शन अन्य राज्यों में किया जाना चाहिए– राज्यपाल

पटना, 22 नवम्बर, 2024 :– माननीय राज्यपाल श्री राजेंद्र विश्वनाथ आर्लेकर ने पूर्व क्षेत्र सांस्कृतिक केन्द्र, कोलकाता, उत्तर मध्य सांस्कृतिक केन्द्र, संस्कृति मंत्रालय, भारत सरकार और कला संस्कृति एवं युवा विभाग, बिहार, पटना के संयुक्त तत्वावधान में प्रेमचंद रंगशाला, पटना में आयोजित 'इंद्रधनुष' कार्यक्रम का उद्घाटन किया।

इस अवसर पर उपस्थित लोगों को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा कि अपनी संस्कृति की अनेक छटाएँ हैं और इसके विभिन्न रंग मिलकर इसे इंद्रधनुषी बनाते हैं। बिहार की कला को बाहर में प्रदर्शित करने की आवश्यकता है। इसके लिए यहाँ से संबंधित सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन अन्य राज्यों में किया जाना चाहिए। इससे बिहार के बाहर इस राज्य के बारे में बेहतर छवि बन सकेगी। उन्होंने कहा कि अंतरक्षेत्रीय कार्यक्रमों का आयोजन भी होना चाहिए।

इस अवसर पर विभिन्न राज्यों की संस्कृति पर आधारित रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम भी प्रस्तुत किये गये।

कार्यक्रम को कला संस्कृति एवं युवा विभाग, बिहार की विशेष सचिव श्रीमती सीमा त्रिपाठी एवं बिहार संग्रहालय की निदेशक श्रीमती रचना पाटिल ने भी संबोधित किया।

इस अवसर पर निदेशक, सांस्कृतिक कार्य श्रीमती रूबी, पूर्व क्षेत्र सांस्कृतिक केन्द्र, कोलकाता के सहायक निदेशक डॉ० तापस सामंतराय, विभिन्न राज्यों से आए कलाकारगण, कला संस्कृति एवं युवा विभाग, बिहार, पटना के पदाधिकारीगण एवं अन्य लोग उपस्थित थे।

....